प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
कानपुर नगर।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,
समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त/
सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त/
माध्यमिक विद्यालय, जनपद कानपुर नगर।

पत्रांकः शि0स0/ 708–10 /2019–20 दिनांक 19.10.2019

विषयः– विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी सम्बन्धी ज्ञान को प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज के संलग्न पत्रांकः मा0शि0प0/शोध–11/85–89/2019–20 दिनांक 13 सितम्बर, 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा निदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली के संलग्न पत्रांकः एनआईएस/डीआईआर /लेटर्स/2019(16) दिनांक 05.08.2019 जो CSIR द्वारा KAMP (knowledge and Awareness Mapping Platform) कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा–5 से 12 तक के छात्र/छात्राओं में विज्ञान तथा प्रोद्योगिकी सम्बन्धी ज्ञान को प्रोत्साहित करने से सम्बन्धित है। KAMP का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रकृति का पहचानना एवं उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा मानविकी क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्त कर सके। **उक्त प्रतियोगिता हेतु सम्बनिधत कम्पनी द्वारा यू0पी0 बोर्ड के छात्र/छात्राओं हेतु रू0 300/– प्रति छात्र एवं सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 बोर्ड के छात्र/छात्राओं हेतु रू0 400/– प्रति छात्रा की दर से शुल्क निर्धारित किया गया है।**

उपरोक्त के कम में आप अपने विद्यालय से KAMP कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु **इच्छुक छात्र/छात्राओं को KAMP कार्यक्रम से अवगत कराते हुये प्रतिभाग कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।** KAMP कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://kamp.nistads.res.in से प्राप्त की जा सकती है। **साथ ही यह भी अवगत कराना है कि उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है तथा परीक्षा में 75 प्रतिशत प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया जायेगा।** KAMP कार्यक्रम के सम्वध में किसी भी जानकारी हेतु हेल्पलाइन नम्बर 08448807602 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संलग्नकः– उक्तवत्।

भवदीय
19/10/19
(सतीश कुमार तिवारी)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
कानपुर नगर।

पृ0सं0: शि0स0/ /2019–20 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर गण्डल, कानपुर।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
कानपुर नगर।

Scanned by CamScanner